
**Dabang Dunia (Indore), 08th November 2021, Page-3**

### संक्रमण को देखते हुए वैक्सीनेशन को प्राथमिकता पर रखा

# आईआईटी-आईआईएम में दोनों डोज लगवा चुके विद्यार्थियों को ही मिलेगा एडमिशन

इंदौर » सिटी रिपोर्टर



कोरोना की दो लहर के बाद इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में एडमिशन की प्रक्रिया के चलते अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया है कि रेग्युलर क्लासेस कब शुरू होगी। हालांकि दोनों संस्थानों ने अपने विद्यार्थियों को वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने के निर्देश जारी कर दिए है। दोनों ही संस्थानों के होस्टल भी पहले की तरह शुरू हो गए है। यहां पर भी कोरोना गाइडलाइन के साथ वैक्सीनेशन को भी प्राथमिकता में रखा गया है।

जानकारी के अनुसार आईआईटी ने तय किया है कि वैक्सीन के दोनों डोज लगवा चुके विद्यार्थियों को ही कैम्पस में प्रवेश दिया जाएगा। वैक्सीन का सर्टिफिकेट दिखाने के बाद ही विद्यार्थी कैम्पस में आ सकेंगे। कोरोना महामारी में संक्रमण से कई विद्यार्थी और स्टाफ संक्रमित हो गए थे। आईआईटी मैनेजमेंट अब किसी भी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता है। सुरक्षा के लिहाज से विद्यार्थियों के साथ ही पूरे स्टाफ के लिए वैक्सीन के दोनों डोज लगाना अनिवार्य किया गया है।

## अभी क्लासेस ऑनलाइन ही

ऐसा ही आईआईएम में किया गया है। यहां पर भी विद्यार्थियों को दोनों वैक्सीन डोज लगाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ ही स्टाफ को भी दोनों डोज लगाना अनिवार्य किया गया है। आईआईटी हो या फिर आईआईएम दोनों ही संस्थानों में अधिकांश स्टाफ को दोनों वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। कोरोना संक्रमण कम होने के बाद अभी रेग्युलर क्लासेस शुरू करने के लिए विचार-विमर्श किया जा रहा है। नवंबर में अगर संक्रमण की संख्या कम रही तो सीमित रेग्युलर क्लासेस की शुरुआत की जा सकती है। इस समय भी कई विद्यार्थी अपने घर पर है और वहीं से ऑनलाइन कक्षाओं में शामिल हो रहे हैं।